मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 03 मुंबई, सोमवार, दिनांक 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये



विजया दशमी की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभेच्छा!
कदम कदम पर

# एकनाथ शिंदे को आत्मघाती विस्फोट में उड़ाने की धमकी...!

## मुंबई पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद राज्य में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा यह कॉल आने के बाद मुंबई पुलिस समेत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। जिस नंबर से कॉल आया, उसे सर्विलांस पर लगा दिया गया है। कुछ दिनों पहले मुंबई में मुकेश अंबानी के घर के पास से विस्फोटक सामग्री मिली थी। उसके बाद उनके अस्पताल में अंबानी परिवार को मारने की धमकी का कॉल आया था। इसके अलावा बीते दिनों एक्टर सलमान खान को भी मारने की धमकी वाला लेटर भी भेजा गया है। त्योहारों के समय एकनाथ शिंदे को मिली धकमी को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। सीएम शिंदे को किसी विस्फोट में उड़ाने की जानकारी सीआईडी को भी मिली है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि शिवसेना की दशहरा रैली को शिवाजी पार्क में परमिशन मिली है। हम लोग उस अनुमति को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज नहीं करेंगे।

### सीएम बोले- नहीं डरता

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मुझे जान से मारने की धमकी आई है, लेकिन मैं सार्वजनिक जीवन में काम करता रहूंगा, ऐसी धमकियों की मैं परवाह और चिंता नहीं करता हूं। धमकी के मामले में एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी पुलिस और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस धमकी से निपटने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि धमकी भरा एक पत्र एक महीने पहले आया था। जिसमें एकनाथ शिंदे को एक आत्मघाती विस्फोट में उड़ाने की धमकी दी गई है। अब एक महीने बाद यह धमकी भरा कॉल आया है। पत्र और कॉल के बाद अब हलचल मच गई है।



# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़...!

## अमेरिका के लोगों को बनाते थे ठगी का शिकार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉल सेंटर ने कथित तौर पर अमेरिकी नागरिकों को कर्ज देकर ठगा था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वीबी मुर्तदक ने बताया कि फर्जी कॉल सेंटर मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की थी। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुलिस टीम ने ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में कॉल सेंटर पर छापा मारा और वहां काम करने वाली तीन महिलाओं समेत अन्य लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया, कॉल सेंटर के माध्यम से आरोपी अमेरिका में



लोगों से संपर्क करते थे और उन्हें कर्ज की पेशकश करते थे। बैंक खाते का विवरण प्राप्त करने के बाद, आरोपी उनके खातों से धन निकाल लेते थे। अमेरिका में समन्वय स्थापित करने वाला एक एजेंट धन एकत्र करता था और उससे अपना हिस्सा लेने के बाद हवाला के जरिए भारत को हस्तांतरित करता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार 16 लोगों में कॉल सेंटर के मालिक सिद्धेश सुधीर भाईडकर (33) और सानिया राकेश जायसवाल (26) शामिल हैं।

# गोरेगांव में वर्ल्ड स्पाइन डे मनाया गया

**मुंबई,** गोरेगांव में वर्ल्ड स्पाइन डे बड़े धूमधाम से मनाया गया। सेराजेम और V4 के बारे में जानकारी दी गई।

सेराजेम एक दक्षिण कोरियाई कंपनी है। पूरे दुनिया में 22 वर्षों से और भारत में 16 वर्षों से काम कर रही है। बहुत सारे लोगों ने सेराजेम का लाभ लिया है। सेराजेम प्रमुख थर्मल मसाजर है, जो



ओरिएंटल मेडिकल साइंस का संयोजन है। सेराजेम हमारी रीढ़ की हड्डी का देखभाल करती है। सेराजेम से लाभ



कैंसर पीड़ित शोभा कदम को हुआ। सेराजेम में बहुत सारी बीमारियां जड़ से ठीक हुई। लकवा से परेशान शांति राजभर का 2 दिन में लकवा ठीक हुआ। हार्ट का तकलीफ शकीला गफ्फार खान को था जो अभी ठीक है। ऐसे बहुत सारी बीमारी सेराजेम में आने से ठीक होता है। सेराजेम को डब्ल्यूएचओ का भी मान्यता प्राप्त है। गोरेगांव में सेराजेम के प्रोपराइटर अरुणा मुकेश वर्मा बहुत ही पुण्य का काम करते हैं, जो कि गरीब लाचार को मुफ्त



में सेराजेम थेरेपी का लाभ देते हैं। उनका पता है ओ. सी.सी. कॉलोनी, उन्नत नगर नंबर 4, रोसरी चर्च के सामने, एम.जी. रोड, गोरेगांव (पश्चिम), मुम्बई, मो.नं. : 99672 71769/ 88500 85722

# सांसद मनोज कोटक द्वारा प्रेरणा

## दांडिया रास में समाजसेवियों का सत्कार

**मुंबई,** सांसद मनोज कोटक द्वारा महाकवि कालीदास ग्राउंड, मुलुंड प.पर आयोजन प्रेरणा गुप्ता,मनोज सिंह का सत्कार

स्मृति चिन्ह एवम अंगवस्त्र प्रदान कर सांसद द्वारा किया गया। पी के भानुशाली, डॉ एल आर तन्ना,मोहनलाल राज,रईस खान, राजन उटवाल, का भी सत्कार शेजवल,हर्षद जोशी,भावना शाह, भरत अमेसर,हरीश भाई,राजनाथ (मुन्ना)यादव का विशेष सहयोग





दांडिया रास में समाजसेवियों डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, बबिता

इस अवसर पर समाजसेवियों बिरजू मुंदडा,डॉ मिलिंद शेजवल,डॉ.आर. आर.सिंह, डॉ सांसद द्वारा किया गया। इस भव्य दांडिया रास के संयोजन में केतन कोटक, जयेश जोशी,डॉ श्वेता प्राप्त हो रहा है।इस कार्यक्रम में दांडिया रास खेलने वालों एवम दर्शको की भारी भीड उमर रही है।

## चुनार के थाना इंस्पेक्टर कोतवाल श्री त्रिवेणीलाल सेन व श्री शिव शंकर शर्मा (वकील पत्रकार अमर उजाला) का स्वागत





**मिर्जापुरः** चुनार के थाना इंस्पेक्टर कोतवाल श्री त्रिवेणीलाल सेन व श्री शिव शंकर शर्मा (वकील पत्रकार अमर उजाला) का स्वागत किया गया इस अवसर पर उन्हें भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई चित्र में कदम कदम पर समाचार पत्र के संपादक छोटे लाल शर्मा अभूतपूर्व बीडीसी राजेश कुमार शर्मा और अनिकेत अशोक शर्मा के साथ पत्रकार सोनू मिश्रा उपस्थित थे।

## संपादकीय

# गैर-जरूरी काफिले

*भारतीय जनमानस भले ही वैभव की ओर आकर्षित होता है, लेकिन वह आदिकाल से सादगी का समर्थक रहा है और कम से कम अपने जन-प्रतिनिधियों से तो सादगी की उम्मीद सबसे ज्यादा करता है। हालांकि, कई बार कुछ नेता सादगी को किनारे रख देते हैं। ठीक ऐसा ही मामला पंजाब में सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री के काफिले का आकार अचंभित कर देता है। आखिर किसी मुख्यमंत्री को 42 वाहनों के काफिले के साथ क्यों चलना चाहिए? कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शुक्रवार को ह्यवीवीआईपी कल्चरह्ण के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की आलोचना की है, तो अचरज की कोई बात नहीं। सूचना के अधिकार के तहत यह पता चला है कि पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री के काफिले में 42 गाड़ियां रहती हैं, जबकि उनके पहले के मुख्यमंत्री के काफिले में 39 गाड़ियां थीं, उसके पहले के दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले में 33-33 गाड़ियां हुआ करती थीं। कहने की जरूरत नहीं है कि 33 की संख्या भी जरूरत से बहुत ज्यादा है, लेकिन 42 की संख्या को कैसे न्यायोचित ठहराया जाएगा?*

*ध्यान देने की बात है, यह कोई आरोप नहीं है। पंजाब के परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदान की गई यह सूचना अफसोस का भाव जगाती है। अगर यह जानकारी गलत है, तो पंजाब सरकार को सुधार करना चाहिए और अगर यह जानकारी सही है, तो भी पंजाब सरकार को विचार करते हुए परंपरा और लोकतांत्रिक धारणा के अनुरूप सुधार करना चाहिए। आम आदमी पार्टी से लोगों को बहुत उम्मीदें रही हैं और इन उम्मीदों को अपने बात-विचार से स्वयं आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ही आम लोगों में जगाया है। अत: विकल्प देने का वादा करने वाली इस पार्टी के नेताओं को अपने वादों के अनुरूप आचरण के प्रति ज्यादा सजग रहना चाहिए। लोगों को यह उम्मीद तो रही है कि कम से कम एक पार्टी तो हो, जिसके नेताओं की कथनी-करनी में ज्यादा अंतर न हो। आज पंजाब में विरोधी नेता याद दिला रहे हैं कि जब मुख्यमंत्री नहीं थे, तब भगवंत मान सवाल करते थे कि ये ह्यराजा और महाराजाह्ण इतने वाहनों के काफिले का क्या करते हैं? क्या मुख्यमंत्री भगवंत मान अब खुद स्पष्ट करेंगे कि वह 42 वाहनों के काफिले के साथ क्या कर रहे हैं?*

*अपने देश में जब नेताओं के पास एक या दो गाड़ियां हुआ करती थीं, तब क्या देश की सेवा नहीं होती थी? माना कि समय बदल गया, सुरक्षा के खतरे बहुत बढ़ गए, पांच गाड़ियों के साथ अगर दस गाड़ियां और जुड़ गईं, तो भी काफिले में 15 गाड़ियां क्या पर्याप्त नहीं हैं? छोटे-छोटे काम के लिए भी अधिकारियों, नेताओं, कार्यकताओं, पुलिसकर्मियों, चिकित्साकर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और सामान्य सेवकों की पूरी सेना लेकर चलना कहां तक उचित है? अगर किसी मुख्यमंत्री के पास 40 वाहनों का काफिला है, तो उसके साथ कम से कम 120 लोग चल रहे हैं। क्या इतना तामझाम उत्पादक कार्य है? हमारे लोकतंत्र में यात्रा तो जनता की ताकत से जनता की ताकत तक थी, लेकिन यात्रा को जनता की ताकत से सत्ता की ताकत तक कौन लोग ले गए? लोगों का भरोसा ही था कि पंजाब में राजा-महाराजा को हराकर लोगों ने 117 में से 92 सीटें आम आदमी पार्टी को थमा दी थीं। आज किसी भी सत्तारूढ़ दल या नेता को भूलना नहीं चाहिए कि इस देश के अब तक के सबसे सम्मानित नेता गांधीजी की क्या जीवन शैली थी? दिखावा क्या कभी सादगी का स्थान ले सकता है?*

# प्रतापगढ़ में कैडराइज मीटिंग



**प्रतापगढः** ग्राम मदयीपुर निकट पुरैला देल्हूपुर प्रतापगढ़ में कैडराइज मीटिंग में संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी राम बहादुर शर्मा प्रतापगढ़ ने कहा कि-2500ई0पू0 मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई से सिन्धु नदी सभ्यता इतिहास में पढ़ा गया है जो आज से लगभग 5000वर्ष पहले की बात है,उस समय पक्की सड़कें चौकोर पर काटती हुई और उनके किनारे किनारे पक्की नालियां, घर में स्नानागार आदि बनें थे।तो प्रश्न उठता है कि सिंन्धु नदी सभ्यता का जनक कौन था?

ब्राह्मणों द्वारा विवाह में पढ़े जाने वाली संकल्प पत्र के आधार परह्णआर्यावर्त जंबू दीपे बौद्धावतारे कश्यप गोत्रोत्पन्नः अमुक नाम्नाह्णसे स्पष्ट है कि सिंधु नदी सभ्यता के जनक कश्यप महाराज रहे होंगे जो मूल निवासी थे।

1760ई0पू0आर्यो का आगमन भारत में खैबर दर्रे से हुआ।इसका प्रमाण सबसे पुराने वेद ऋग्वेद से मिलता है।ऋग्वेद में लिखा है कि बहुत पहले हिरण्यगर्भ नामक एक राजा था।जिसकी वंशावली के अनुसार हिरण्यगर्भ से मारीचि- मारीचि से कश्यप महाराज और अविवाहित शिव।

कश्यप से हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु। हिरण्यकश्यप से प्रह्लाद -विरोचन-महाबली राजा( उदार जिसे छल से विष्णु ने बावन का रूप धारण कर तीन पग में सिंहासन की परिक्रमा कर सिंहासन से उतार कर बन्दी बना लिया)-वाणासुर-सहस्त्रबाहु।सभी आर्य/मूलनिवासी थे। हिरण्यकश्यप सींगवाले पुत्र प्रह्लाद बिना सींग के पुत्र विरोचन सींगवाले पुत्र महाबली उदार बिना सींगवाले, पुत्र वाणासुर सींगवाले, पुत्र सहस्त्रबाहु सींगवाले।

इसका अर्थ यह है कि जो मूलनिवासी आर्यों से युद्ध किए उनके सींग वाला ब्राह्मणों ने बताया और जो इनके पक्ष में बहकावे में आकर काम किया वे बिना सींग वाले,भक्त, उदार,दानी कहलाते। ब्राह्मणों ने अपने ग्रन्थों में लिखा।

छठवीं शताब्दी में महावीर स्वामी ने जैन धर्म की स्थापना किया और कहा अहिंसा परमो धर्मः। तो ब्राह्मणों नहीं है दौड़ा दौड़ा कर नग्न अवस्था तक मारपीट कर बेहोश कर दिया।

563 ईसा पूर्व तथागत बुद्ध बौद्ध धर्म की स्थापना की और लिखा पाणाति पाता वेरमणी शिक्खा पदं समादयामि। अर्थात कारण हिंसा न करने की मैं शिक्षा ग्रहण करता हूं।

उसके बाद से सम्राट महापदम नंद से लेकर सम्राट बृहद्रथ मौर्य तक ज्यादातर सम्राट बौद्ध धर्म के अनुयाई थे। ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग न बृहद्रथ मौर्य की हत्या करने के बाद मनुस्मृति लागू किया। उस समय जो मूलनिवासी पुष्यमित्र शुंग की अधीनता स्वीकार कर लिये, वे आज के sc,obc,WX`ÔÜ और जो मूलनिवासी आधीनता नहीं स्वीकार किए जंगल में भाग गये वही आदिवासी २३ कहलाते।यह जानकारी सभी sc,st,obc,mbc को होना जरूरी है। पिछलग्गू और दलाल, चाटुकार बनने से कल्याण नहीं होगा।

अगर सपा बसपा भाजपा कांग्रेस आज राष्ट्रीय पार्टियों को अति पिछड़ी जातियों को अधिकार देना होता तो यह सब अपनी शासनकाल में अति पिछड़ी जातियों की पृथक आरक्षण को साथी छेदीलाल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लागू कर देते। आजादी के 75 सालों तक किसी पार्टी ने अति पिछड़ी जातियों के विकास के नाम संवैधानिक अनुच्छेदों को लागू नहीं किया। मात्र मौलिक अधिकार पार्टी का मिशन है थी संविधान की जानकारी जन-जन को हो। और संविधान भाग 4 के अनुच्छेद 39 क,ख,ग,घ,ड.को अक्षरशः लागू करके प्रति मतदाता ▮4000 वोटर शिप लागू करके आर्थिक आजादी देना पहला कर्तव्य उसके बाद जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी आरक्षण लागू करना।

अन्ततः मौलिक अधिकार पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर सत्ता में लाने की अपील करते हुए वक्तव्य का समापन किया।



मै राम बहादुर शर्मा प्रतापगढ़ सन्1980से जिला नाई समिति के जिला मंत्री से लेकर अ0भा0नायी महासभा जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़, जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ राष्ट्रीय नाई महासभा, प्रदेश संगठन सचिव अक्टउएअ, प्रदेश अपर महासचिव एआईएम सी ई ए उत्तर प्रदेश, प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी उत्तर प्रदेश 2022तक अति पिछड़ी जातियों के पृथक आरक्षण लागू करने के लिए मांग पत्र मुख्यमंत्रियों को ज्ञापित करते हुए 70वर्ष का हो गया देवी देवताओं की बहुत मन्नत मांगना। किन्तु अति पिछड़ी जातियों को कपूरी ठाकुर फामूर्ला के तहत,साथी छेदीलाल आयोग की सिफारिशों और भाजपा की सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट, रोहिणी आयोग की रिपोर्ट आदि से संबंधित ज्ञापन सौंपकर थक चुका हूं। मैधन्य मानूंगा उस नाई,नन्द, सविता, कपूरी ठाकुर संगठन को या फिर किसी भी अति पिछड़े वर्ग के संगठन/लोगों को जो भाजपा सरकार में,सपा बसपा, कांग्रेस सरकार में रहकर कूड़ेदान में फेंकी गयी अति पिछड़ी जाति के पृथक आरक्षण को लागू करवा दें। और जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी आरक्षण सरकारी नौकरी में तथा राजनीति में 32सीटसंसदीय चुनाव में,166सीट विधानसभा चुनाव में आरक्षित करवा लें तो मैं एक माह उस व्यक्ति के यहां गुलामी वृद्धावस्था में करूंगा।लगा लो पूरी ताकत।यदि नहीं कर सकते तो अति पिछड़ी जातियों को हक और अधिकार दिलाने के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी शास्त्री जी का और प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी मैं राम बहादुर शर्मा प्रतापगढ़ 9670 6571 11 का तन मन धन का सहयोग करें। आप सब का बहुत बहुत बधाई,नमन वंदन और अभिनंदन है। धन्यवाद। मौलिक अधिकार पार्टी जिंदाबाद।

# मेधावियों को पुरस्कार से सम्मान किया

## सैन जागृति मंच द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**शामली।** सैन जागृति मंच जनपद शामली द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



टंकी रोड स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल सिंह महासचिव अखिल भारतीय महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद संगल पूर्व चेयरमैन नगरपालिका परिषद शामली, विजय कौशिक प्रमुख समाजसेवी, मानस संगल उपाध्यक्ष भारतीय जनता पाटी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार चेयरमैन डीके कान्वेंट स्कूल कैराना, सत्येंद्र कुमार प्राचार्य सेंट आरसी कालेज आफ एजुकेशन बनत, वर्षा भटनागर प्राचार्य बीएम कालेज आफ एजुकेशन केरटू सम्मिलित रहें। सभी अतिथिगणों ने छात्रों को अपने समाज एवं देश के लिए कोई विशिष्ट योगदान देने की प्रेरणा दी ।

इस अवसर पर जन जागृति मंच शामली के संयोजक अरुण सरोहा, सह संयोजक राकी सिन्हा, महिपाल सिंह चौहान, घनश्याम कंकरवाल,

विनोद कुमार आर्य, विनोद मेघलान, किरण पाल सिंह, डा ओमवीर तोमर, एडवोकेट सुशील कुमार, विनोद मेहरा, संजीव पंवार, अशोक बागला, संजीव लोहान, रिशिपाल कंकरवाल, विक्रम सिंह, सतीश कुमार, राजीव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया।

# मवैया देवी के प्रांगण में स्वास्थ शिविर का आयोजन

**सीखड़** : जीवना डिजिटल क्लिनिक और फामेर्सी मगरहा के सौजन्य से ग्राम मवैया में ग्राम प्रधान दिनेश चौबे की उपस्थिति में युवा समाज सेवी गौरव मिश्र की देख रेख में मवैया माता मंदिर प्राइमरी पाठशाला पर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को नजर रखते निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाया गया जिसमे के समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया बीपी शुगर हृदय रोग स्किन रोग बाल रोग अन्य का जांच कर दवा वितरण किया गया और ऑनलाइन डॉक्टर से परामर्श प्राप्त कर दवा वितरण किया गया वीरेंद्र कुमार सहयाक अध्यापक अमरजीत सिंह अनुदेशक

बंशबहादुर, लक्ष्मण, लक्ष्मीमान




सिंह ,जीवना डिजिटल क्लिनिक मगरहा संस्थापक धवल राडिया और संचालक प्रियेश सिंह तपन सिंह अभिषेक ,शिवा जी सिंह फ्रामासिस्ट सचिन व

हेल्थ ऑफिसर अंकिता तिवारी के मदद से कार्य सफल किया गया

ग्रामवासीअन्य लोगों ने जांच करवाया।

# ट्रैक्टर की सवारी पर प्रतिबंध एक राजशाही निर्णय -कंचन यादव मौलिक अधिकार पार्टी

**लखनऊ।** ट्रक बस टेंपो रेल और जहाज व बसों की सवारी के साथ भी हादसा होता है जिसमें तमाम लोगों की जान चली जाती है हाल ही में घटित घटना चंद्रिका देवी दर्शन के बाद ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से तमाम लोगों की मौत हो गई इस हालिया घटना को देखते हुए उ प्र सरकार ने ट्रैक्टर की सवारी को प्रतिबंधित कर दिया है ।सूत्रों के हवाले से इस तरीके की खबर आ रही है।

प्रश्न यह भी है कि अगर सीएम योगी ,

ट्रैक्टर निर्माण पर भी रोक लगाने की पेशकश करते तो बुरा नहीं था

अभी तक ट्रेनों के हादसे में हजारों लोग मारे गए हैं ।

हवाई दुर्घटनाओं में भी पूरी सवारी खत्म पाई गईं हैं।

क्या रेल जहाज बस स्टैंड आदि की सवारियों को प्रतिबंधित किया गया है?

एक घटना को देखकर इस तरीके से निर्णय नहीं लिया जा सकता है जैसा मुख्यमंत्री योगी ने लिया है ।

भारत कृषि प्रधान देश है/

ट्रैक्टर और ट्राली पर लोगों का बैठकर आवागमन बड़ी खुशी में नहीं होता है।

लोग अपनी जरूरत के हिसाब से कई बार काम चला लेते हैं।

क्योंकि उनके पास लग्जरी गाड़ियां और बेहतर दमदार संसाधन नहीं होते ।

किसान आंदोलन का सहारा भी ट्रैक्टर ही बनता है.

कहीं न कहीं इस तरीके का निर्णय,किसानों को तकलीफ पहुंचाने वाला साबित होगा तथा किसी भी आन्दोलन या किसान की आवाज को बन्द करने का कुटिल कदम है

फिलहाल मैं नहीं कहती कि ट्रैक्टर सवारी के योग्य होता है और माननीयों को भी इसी में सफर करना चाहिए !

किंतु ट्रैक्टर पर सवारी प्रतिबंधित कर देना और उस पर प्रशासनिक अमला लगा देना ,न्याय संगत नहीं है तमाम राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता अपने हुकुम के आने पर ट्रैक्टर ट्रालियों में बैठकर उनके जिंदाबाद नारों के साथ बारिश और धूप में तपकर सफर करते आए हैं ! चंद्रिका देवी दर्शन के उपरांत उस हादसे के बाद सरकार ने एक अजीबोगरीब निर्णय ले लिया !

ट्रैक्टर से होने वाली दुर्घटना ह्यशराब पीकर गाड़ी चलानेह्ल के मद्देनजर हुआ है।

योगी जी सचमुच अगर अच्छे शासक बनना चाहते हो तो प्रदेश में तो इतना बड़ा हादसा होने का कारण केवल शराब है ।

जो सरकार की आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

नशा नाश का कारण है शराब के कारण तमाम दुर्घटनाएं और परिवार बर्बाद हुए हैं।

जहरीली शराब पीने से तमाम मौतें नजीर बनी है ।

मगर आबकारी विभाग को बंद नहीं किया गया !

विहार समेत तमाम राज्यों ने शराब को प्रतिबंधित किया है।

क्या योगी के पास शराब को प्रतिबंधित करने का हुनर और दम है ?

सुशासन बताने के लिए सरकार पहले शराब की बिक्री प्रतिबंधित करें,

बाद में ट्रैक्टर की सवारी को।

# नीलगाय के शिशुओं को कुत्तों से बचाकर अपने घर ले आए रामधारी

**सीखड़ (मीरजापुर):** इस मंहगाई के दौर में जहां लोग अपने पालतू पशुओं को गौशाला में छोड़ दें रहे हैं वहीं विकासखंड के गोरैयां गांव के रामधारी गोंड ने निलगाय के दो घायल बच्चों को अपने पास रख कर उनकी सेवा कर रहे हैं। शुक्रवार की रात रामधारी के घर के बगल खेत में नीलगाय ने दो बच्चों को जन्म दिया तभी गांव के नजदीक होने के कारण आवारा कुत्ते नवजात बच्चों को नोचना शुरू कर दिए तभी आवाज सुनकर ही बगल के घर में सो रहे रामधारी की नींद खुल गई और देखा की कुत्ते कुछ नोच रहे हैं, पास जाकर देखा तो पता चला नीलगाय के नवजात शिशु है।



रामधारी नीलगाय के शिशुओं को कुत्तों से बचाकर अपने घर ले आए और देशी दवा कर उनको घर पर ही गाय का दूध पिलाया। सूचना मिलने पर सीखड़ ब्लॉक पर तैनात पशु चिकित्सक डा बीके पटेल रामधारी के घर पहुंचे और नीलगाय के नवजात शिशुओं का उपचार किया और बन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। रामधारी की सेवा भावना की सभी तारीफ कर रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

कदम कदम पर

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

जे.पी.शर्मा

संपादक

छोटेलाल शर्मा

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

अनिल शर्मा

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

श्रीमती कंचन यादव

(फैजाबाद, यू.पी.)

हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)

राजन शर्मा (उप संपादक)

आर्थिक सलाहकार

सतीशचंद्र गुप्ता

पंकज (बबलू) यादव

प्रतिनिधि

अवनीश कुमार मिश्र

(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)

सौरभ उमेशप्रताप सिंह

राजेश कुमार शर्मा

साज सज्जा :

संतोष तिवारी

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

एड. बी. एम. शर्मा

एड. आर. आर. शर्मा

एड. भाष्करानंद द्विवेदी

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# जौनपुर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति का विशाल धरना प्रदर्शन

**जौनपुर,** कलेक्ट्रेट जौनपुर पर नाई समाज के एक 22 वर्षीय कर्मशील होनहार सैलून संचालक नवयुवक आनंद शर्मा उर्फ. शोले पुत्र राम राज शर्मा निवासी ग्राम लखनेपुर, थाना- खुटहन, जिला- जौनपुर की हत्या की साजिश रचने वालों साजिशकताओं व हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के तत्वावधान में लोगों ने अनशन शुरू कर दिया है ' यह अनशन तब तक चलेगा जब तक पुलिस सभी हत्यारों व साजिशकताओं को गिरफ्तार नहीं कर लेती है ' विदित रहे कि संगठन ने परिजनों के साथ विगत 23 /09/2022 को भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक ज्ञापन /मांग-पत्र जिलाधिकारी जौनपुर को 5 दिन के अल्टीमेटम के साथ सौंपा था ' जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी जिले की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है ' हत्या हुए 50 दिन बीत गए हैं, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस हत्यारों व साजिशकताओं को बचाने के लिए संकल्प ले चुकी है ' न्याय नहीं मिलने पर परिजन व नाई समाज के लोग मजबूर होकर पुलिस की अकर्मण्यता व संवेदनहीनता के विरुद्ध अनशन पर बैठे हैं ' इस






अनशन में बैठे लोगों को संबोधित करते हुए महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि, ह्लसाथियों ! जनपद जौनपुर की क्रांतिकारी धरती को सलाम करते हुए इस जंग के मैदान में आप सबका अभिनंदन करता हूं ' आज के इस धरने में प्रदेश के कोने-कोने से मृतक आनंद शर्मा की आत्मा की पुकार सुनकर , उसको न्याय दिलाने के लिए आप सब एक जुट हुए हैं ' आपके इस हौसले को, जज्बे को मैं बारंबार प्रणाम करता हूं ' नतमस्तक हूँ आप के इस समर्पण पर ' एक अपील पर इतना बड़ा हुजूम इकट्ठा हो गया, यह इस समाज के संवेदनशील होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है ' जो कहते हैं कि आज के जमाने में कोई किसी का नहीं है, उनको यहां आकर जौनपुर कलेक्ट्रेट का नजारा देखना चाहिए ' साथियों ! हम पीड़ित परिजनों के आंसू पोछने , उनको ढाँढस बंधाने, उनके दुख को बांटने और न्याय दिलाने के लिए पूरे समाज के साथ हाजिर हैं ' यह गूंगी-बहरी- अंधी सरकार और सरकार के जिम्मेदार अधिकारी गरीबों के जान की कीमत कुत्ते - बिल्ली से भी कम आंकते हैं ' किसी अमीर आदमी, उद्योगपति, नेता - मंत्री माफिया- डान या अधिकारी के परिवार वाले की हत्या हो जाए तो यही पुलिस राणा प्रताप का चेतक घोड़ा बन जाएगी ' बिजली के करंट की तरह दौड़ने लगेगी ' और गरीब आदमी के साथ कोई वारदात हो तो इस पुलिस को साँप सूँघ जायेगा ' इस संवेदनहीन पुलिस की अपनी कार्यप्रणाली है , जो अमीर गरीब के अलग अलग मानदंड तय किये हुए है ' पुलिस का तकिया कलाम है -- जिधर दम ! उधर हम !! ऐसी पुलिस और ऐसी शासन व्यवस्था से न्याय पाने के लिए हम सबको यही बोलना होगा - बंदूक बनो तुम गोली बनेंगे हम, अब न्याय पाने के लिए बन जाओ एटम बम ' इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे, दिनेश चन्द्र शर्मा, पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, प्रकाश शर्मा, उदयराज शर्मा, अजीत शर्मा, विनोद शर्मा एडवोकेट,अनूज शर्मा, मुन्ना शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, डॉ अनिल शर्मा, पंचम शर्मा,के टी एस सुरेन्द्र शर्मा जिला महासचिव जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति एवं कई संगठनों के सैकड़ों पदाधिकारी गढ़ उपस्थित रहे।

**जौनपुर से मंडल ब्यूरो चीफ सुरेश कुमार शर्मा की खास रिपोर्ट**




**अहमदाबाद गुजरात मे चल रहें नेशनल गेम्स मे 30.09.2022 को यू पी की नन्द वंशी पहलवान दिव्या ने अपने भार वर्ग 76 कि. ग्रा. मे हिमाचल की रानी को महज 20 सेकंड मे हरा कर स्वर्ण पदक जीता. बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दिव्या**



तेलहरा महाराष्ट्र निवासी सेन समाज विदर्भ, महाराष्ट्र के जेष्ठ मार्गदर्शक, सबके चहते, सेन समाज कार्यकर्ता गोपाल के पिताजी, मेरे आदरणीय भाई साहब ताराचंद जी lilde इन्हें चरण स्पर्श प्रणाम, विनम्र अभिवादन भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित।।
सौ लता अशोक पवार
पवार परिवार खंडाला वैजापूर
छापरव्वाल परिवार औरंगाबाद
मखाना परिवार, raahata
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना सभी राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारी।।
**शोकाकुल**
**अशोक लालचंद पवार**




**अमरावती, चिखली महाराष्ट्र निवासी सेन समाज के आदर्श, समाज भुषण, मार्गदर्शक, सबके चहते, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक बापूजी, स्वर्गीय हनुमान जी जायालवाल इन्हें विनम्र अभिवादन भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित, चरण स्पर्श प्रणाम**
**पवार परिवार खंडाला वैजापूर, अशोक लालचंद पवार**
**सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार खंडाला वैजापूर**

# 161वर्ष से अनवरत होता चला आ रहा सीखड़ मे 14 दिवसीय रामलीला


**सीखड़,** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्राचीन रामलीला कमेटी के द्वारा 14 दिवसीय रामलीला का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के 4 दिन पहले मुकुट पूजन से हुआ मेले का मंचन प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों पर किया जाता है उसी के क्रम में पांचवें दिन का मेला रामलीला मैदान संतोषी माता के मंदिर पर हुआ जिसमें भगवान श्री राम के छोटे अनुज लक्ष्मण के द्वारा सूपनखा का नाक काटना तदुपरांत भगवान के द्वारा खर दूषण का वध करना सूपनखा के द्वारा रोते बिलखते अपने भाई रावण के पास जाना उन्हें सभी आपबीती बताना रावण के द्वारा माता सीता का हरण करना आदि प्रसंग हुआ। छठवें दिन का मंचन भगवान








विष्णु के मंदिर पर माता शबरी के आश्रम पर पहुंचकर माता शबरी का जूठा बेर खाना उन्हें नवधा भक्ति का उपदेश देना फिर उनके बताए गए स्थान पंपापुर सरोवर पर जाना जहां हनुमान जी मिलना हनुमान जी संवाद होना सुग्रीव से मैत्री करना सात ताड़ के पेड़ का एक ही बाण में मार गिराना आदि प्रसग हुआ फिर सातवें दिन का मंचन गोरईया प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण (ताड़ी) पर बाली बध फिर रामलीला मैदान में रावण के चौकी पर हनुमान जी महाराज द्वारा लंका दहन करने का प्रसंग हुआ। मेले की समस्त देख रेख अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, संयोजक उमेश चन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाठक,प्रबंधक अभय शंकर चौबे कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, साथ मे कार्यकारिणी सदस्य मुकेश त्रिपाठी रतन पांडे, गुड्डू पान्डेय धनेश मिश्रा, अशोक गुप्ता भी लगे हैं।आगे ग्राम प्रधान धन्जय मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, बब्बल पांडेय , रत्नेश त्रिपाठी, गणेश पांडे, तारकेश्वर मिश्रा, सुनील शुक्ला , प्रोफेसर पवन सिंह, मिन्टू त्रिपाठी, जैसे सैकड़ों लोग तन-मन धन से समिति के सहयोग में लगे है। वहीं रामायण कहने वाला में रामयणी भाई बचानी मास्टर,तुफानी शुक्ला, उमाकांत पाठक, शिवम पांडेय, सभा शंकर मिश्र, गवर्नर पांडेय, मृत्युंजय मिश्रा, जनमेजय मिश्रा,श्रृगारिया रिक्कू मिश्रा,व्यास पंडित चुन्नू मिश्र, शर्मा पांडेय , पंकज शुक्ला, तथा बांसुरी पर जिलानी मास्टर, तबले नाल पर छुन्ना मिश्रा,कज्जल विश्वकर्मा सहित मेले के मंचन एवं प्रसंगों को देखने सुनने के लिए हजारों की संख्या क्षेत्र के लोग उपस्थित रहते हैं।


























यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com